# U. S. OSTWAL INTERNATIONAL SCHOOL

**OSTWAL WONDER CITY, BOISAR (E)**

**Term-I(2023-24)**

**Name :__________________________** **Date: / /23**

**Grade : III** **Max Marks: 80**

**Subject : Hindi** **Roll no. ______**

**Time : 2.5Hrs**

**General Instructions:**

- **All questions are compulsory .Write the paper neatly.**
- **Do not write the questions. Directly write the answers.**

**( खंड – क अपठित गद्यांश)**

**प्रश्न 1. नीचे दिए अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (5)

एक बार गांधी जी से मिलने चीन से एक आदमी आया। उसने उन्हें चीनी मिट्टी का एक खिलौना भेंट में दिया। गांधी जी को खिलौना बहुत पसंद आया। वे हमेशा उसे अपने साथ रखते और उसकी देखभाल करते। जहाँ भी जाते, उस खिलौने को साथ ले जाते। काम करते समय भी उस खिलौने को अपने सामने रखते। खिलौना देखने में बहुत ही साधारण था। तीन बंदर थे। एक बंदर ने अपना मुँह, दूसरे ने अपनी आँखें तथा तीसरे ने अपने कान हाथ से बंद कर रखे थे।

एक आदमी ने बापू से पूछा- "आप इस साधारण स क्यों रखते हैं?" बापू ने कहा- "जिस बंदर ने अपना मुँह बंद कर रखा है, वह मुझे सिखाता है कि झूठ मत बोलो, किसी को बुरा मत कहो। दूसरा बंदर मुझे सिखाता है कि बुरी चीज़ या किसी की बुराई मत देखो। तीसरा बंदर जिसके कान बंद हैं, वह मुझे सदा सिखाता है कि किसी की बुराई मत सुनो, सदा अच्छी बातें सुनो।"

(क) गांधी जी को खिलौना किसने दिया था ?

(ख) खिलौना किस चीज़ का बना था?

(ग) पहला बंदर क्या सिखाता है?

(घ) दूसरा बंदर क्या सिखाता है?

**(ङ)** **असाधारण** का विलोम गद्यांश से ढूंढ कर लिखें।

**(खंड-ख) पठित गद्यांश**

**प्रश्न 2. नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (5)

एक रात रौनक बहुत उदास था। वह मन ही मन सोचने लगा-"परी रानी कहीं मुझसे नाराज तो नहीं। मुझसे कोई गलती तो नहीं हुई।"तभी उसे ध्यान आया कि उस दिन उसने मां से झूठ बोला था। यह सोचते ही वह बिस्तर से उठा और मां के कमरे में गया।

वहां जाकर रौनक बोला-"मां, मुझसे एक गलती हो गई है।"

मां ने पूछा-"क्या बात है बेटा? बताओ।"

रौनक फिर बोला-"मां, उस दिन मैंने कविता याद नहीं की थी और आपसे झूठ कह दिया कि मैंने कविता याद कर याद भी कर ली है और दादा जी को सुना भी दी है। मुझे क्षमा कर दीजिए। आगे से मैं कभी झूठ नहीं बोलूंगा।" रौनक की बात सुनकर मां बहुत खुश हुई और बोली-"बेटा, तुमने अपनी गलती मान ली है, इसलिए मैंने तुम्हें माफ कर दिया है।

क) एक रात कौन उदास था?

ख) रौनक ने किससे झूठ बोला था?

ग) रौनक की बात सुनकर कौन बहुत खुश हुआ?

घ) **सच** और **दुख** शब्द का विलोम गद्यांश से ढूंढ कर लिखें।

**प्रश्न 3.नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (एक शब्द)** **(5)**

1) परी कैसे बच्चों से दोस्ती करती थी?
2) सवाल हल करने में गोपाल की सहायता किसने की?
3) महात्मा गांधी अपना गुरु किसे मानते थे
4) प्रदूषण से कौन बचाता है?
5) पेड़ सदा क्या करते हैं

**प्रश्न 4.नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर वाक्य में दीजिए।** **(6)**

1) खरगोश को क्या उपाय सूझा?
2) पेड़ों के छालों से क्या बनता है?
3) हरे कूड़ेदान में किस प्रकार का कूड़ा डाला जाता है?

**प्रश्न 5.सही उत्तर चुनकर (✓) का निशान लगाइए।** **(5)**

क) कूड़ेदान के शरीर पर क्या लिखा होता है?

[ ] मेरा प्रयोग करें [ ] मेरा उपयोग करें [ ] मेरा प्रयोग ना करें [ ] मुझसे दूर रहें

ख) कैसा व्यक्ति सुखों का आनंद ले पाता है?

[ ] दुखी [ ] सुखी [ ] बीमार [ ] स्वस्थ

ग) पेड़ों से कैसी बयार मिलती है?

[ ] प्रदूषित [ ] ज़हरीली [ ] शुद्ध

घ) कविता याद करने के बारे में रौनक से किसने पूछा?

[ ] मां ने [ ] दादाजी ने [ ] परी ने

**प्रश्न 6. कविता की पंक्तियां पूरी कीजिए।** **(2)**

क) पेड़ प्रदूषण से है बचाते

_____________देते हैं।

ख) पेड़ों से पाता छांव पथिक

___________बयार।

**प्रश्न 7. नीचे दिए वाक्य किसने, किससे कहें?** **(2)**

क.मैं अच्छे बच्चों से दोस्ती करती हूं।

ख.आगे से मैं कभी झूठ नहीं बोलूंगा।

**प्रश्न 8.मूल्यपरक प्रश्न:-** **(6)**

**क)** सबका सम्मान पाने के लिए आपको सबके साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए?

**ख)** यदि आप से कोई गलती हो जाए तो आप क्या करेंगे?

**(खंड – ग व्याकरण अवबोधन)**

**प्रश्न 8. स्वर तथा व्यंजन से आरंभ होने वाले शब्दों को अलग कीजिए।** **(5)**

सपेरा, अनार, झाड़ू,हलवाई, औरत

**प्रश्न 9. नीचे दिए गए वाक्यों को उचित संज्ञा शब्दों से पूरा कीजिए।** **(3)**

(लोमड़ी, ताजमहल, गर्मी, प्यास, घर)

क. यह______बहुत बड़ा है।

ख. _______में बहुत _______ लगती है।

ग. ______बहुत चालाक जानवर है।

**प्रश्न 10. नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए।** (2)

राजा नाना पंडित बंदर

**प्रश्न 11. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (4)

क. वचन किसे कहते हैं?

ख. संज्ञा किसे कहते हैं?

ग. लिंग के भेद बताइए?

घ. किन्ही चार पेड़ों के नाम लिखिए?

**प्रश्न 12. समान अर्थ वाले शब्दों को रेखा खींचकर मिलाइए।** (4)

| | |
|---|---|
| दोस्त | क्षमा |
| माफ़ | प्रसन्न |
| अवश्य | मित्र |
| खुश | ज़रूर |

**प्रश्न 13. नीचे दिए शब्दों के वचन बदलिए।** (4)

दवाई नदी पौधा बच्चा

**प्रश्न 14. नीचे दिए शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखिए।** (4)

विश्व, शरीर, भय, धरती

**प्रश्न 15. नीचे दिए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।** (4)

पुराना, दूर, सुख, स्वस्थ

**प्रश्न 16. समूह से अलग शब्द पर गोला लगाइए।** (4)

| | | | |
|---|---|---|---|
| नीम | गुलाब | बरगद | बगीचा |
| केला | अंगूर | बैगन | आम |
| बारिश | पौधा | वर्षा | बरसात |
| पथिक | पथ | यात्री | राहगीर |

**(खंड – घ लेखन अवबोधन)**

**प्रश्न 17. नीचे दिए गए विषय पर संवाद लिखें।** (5)

**1. माँ और बेटे के बीच संवाद**

**माँ** – बेटा तरुण, उठो ।

**तरुण** – माँ, मुझे सोने दो न!

**माँ** – बेटा, विद्यालय को देर हो रही है।

**तरुण** – ऊँह, बस थोडी देर और!

**माँ** – बस छूट जाएगी, _____ बजने वाले हैं।

**तरुण** – मैं जल्दी से उठकर _____ हो जाता हूँ।

**माँ** – बेटा, मैं तुम्हारा नाश्ता _____ देती हूँ।
दूध ज़रूर _____ लेना ।

**तरुण** – अच्छा माँ, ठीक है।

**प्रश्न-18) कहानी के अनुसार घटनाओं को सही क्रम दीजिए और उसके आगे 1,2,3…लिखिए।** **(5)**

( ) धूप में चलते-चलते, थक कर पेड़ के नीचे बैठ गया।

( ) उसे नींद आ गई।

( ) एक टोपी वाला टोपियां बेचने शहर जा रहा था।

( ) खाना खाया, पानी पिया, आराम करने के लिए लेट गया।

( ) वह रास्ते में एक जंगल के पास से गुजर रहा था।

( ) उस जंगल में बहुत सारे बंदर थे।




***ALL THE BEST***